डॉ.भावना मिश्रा
कुलसचिव
Dr.Bhavana Mishra
University of Lucknow
Registrar
Lucknow-226007 (U.P.) India

लखनऊविश्वविद्यालय
लखनऊ–.226007 (उ.प्र.) भारत

No.252/Aff/2026
Dated:03.11.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सहयुक्त महाविद्यालय,(लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर–खीरी)
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः– भारत बौद्धिक्स 2.0 राष्ट्रीय परीक्षा 2026 में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक संलग्न विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या ई–7234 / 32 – जी0एस0 / 2026 दिनांक 24.10.2026 का संन्दर्भ ग्रहण करने कष्ट करें, जिसके द्वारा आगामी दिनांक 21.11.2026 को माननीय कुलाधिपति महोदया के जन्मदिवस के शुवसर पर राष्ट्रीय स्तर आयोजित होने वाली भारत बौद्धिक्स 2.0 की परीक्षा में प्रदेश के समस्त शासकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की शत–प्रतिशत एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये है।

परीक्षा की प्रमुख विशेषताएँ

1. परीक्षा की तिथि: 21 नवम्बर 2026
2. समय: प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक / जैसा अधिसूचित किया जाए।
3. पंजीकरण अवधि: 01 अगस्त 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक
4. पात्रता: सभी स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) विद्यार्थी
5. पंजीकरण शुल्क: प्रति अभ्यर्थी केवल ₹100
6. (जिसमें से ₹25 परीक्षा संबंधी व्यय के लिए संबंधित संस्था के पास रहेगा।)
7. परीक्षा का माध्यम: ऑफलाइन
8. भाषा माध्यम: अंग्रेजी, हिंदी तथा प्रमुख भारतीय भाषाएँ – तेलुगु, तमिल, ओड़िया, पंजाबी, मराठी, उर्दू, मलयालम, कन्नड़, असमिया आदि।
9. प्रश्न–पत्र का स्वरूपरू निर्धारित भारतीय ज्ञान प्रणाली (IK) पाठ्यक्रम पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Question)
10. आकर्षक पुरस्कार एवं सम्मान
11. राष्ट्रीय प्रथम पुरस्कार: ₹1,00,000
12. राष्ट्रीय द्वितीय पुरस्कार: ₹50,000 प्रत्येक – 2 पुरस्कार
13. राष्ट्रीय तृतीय पुरस्कार: ₹25,000 प्रत्येक – 4 पुरस्कार

डॉ.भावना मिश्रा
कुलसचिव
Dr.Bhavana Mishra
University of Lucknow
Registrar
Lucknow-226007 (U.P.) India

लखनऊविश्वविद्यालय
लखनऊ–.226007 (उ.प्र.) भारत

14. राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर के टॉपर: ₹5,000 प्रत्येक।
15. संस्थान स्तर के टॉपर एवं सांत्वना पुरस्कार।
16. उत्कृष्ट विद्यार्थी सहभागिता प्रदर्शित करने वाले संस्थानों के लिए विशेष नकद पुरस्कार।
17. अधिक सहभागिता वाले संस्थानों के लिए प्रशंसा शील्ड।
18. सभी अभ्यर्थियों को सहभागिता एवं मेरिट प्रमाण–पत्र।

अतः जनभवन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में माननीय कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में समस्त से अनुरोध है कि निम्नानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें—

1. विद्यार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा कराने में सहयोग करें तथा यदि इच्छुक हों तो अपने संस्थान को परीक्षा केंद्र के रूप में पंजीकृत करें। अधिकतम संभव विद्यार्थी सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि इस राष्ट्रीय अभियान में लखनऊ विश्वविद्यालय देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल हो सके। प्रत्येक महाविद्यालय संलग्न संस्थान पंजीकरण मार्गदर्शिका के अनुसार रजिस्ट्रेशन पूर्ण करते हुये निर्धारित शुल्क आवश्यक रूप से जमा करके दिनांक 04.11.2026 तक अधोहस्ताक्षरित को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

संलग्नकः–यथोपरि।

(डॉ. भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या :.....दिनांकः– .....

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाइट ल0वि0वि0 को अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालय को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्याःई–7234 /32–जी.एस./2026
दिनांकः 24 अक्टूबर, 2026

प्रेषकः

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 22.10.2026(गुरूवार) को सांय 04:30 बजे आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 21 नवंबर, 2026 माननीय कुलाधिपति महोदया के जन्मदिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली 'भारत बौद्धिक्स 2.0' की परीक्षा में प्रदेश के समस्त शासकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की शत–प्रतिशत एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही किया जाना है :–

i. दिनांक 21 नवंबर 2026 को 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा का भव्य आयोजन होना है। अतः इस तिथि को महाविद्यालय स्तर पर कोई अन्य आंतरिक, मिड–टर्म या वार्षिक परीक्षा आयोजित न की जाए, जिससे सभी छात्र–छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

ii. जिन महाविद्यालयों में कम से कम 200 छात्र–छात्राएं नामांकित/पंजीकृत होते हैं, उन सभी महाविद्यालयों को 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा का अधिकृत परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

iii. प्रत्येक महाविद्यालय अपने स्तर पर एक वरिष्ठ प्राध्यापक/शिक्षक को 'नोडल अधिकारी' नामित करें, जो पंजीकरण से लेकर परीक्षा संचालन तक की संपूर्ण व्यवस्था का उत्तरदायित्व संभालेंगे। साथ ही, परीक्षा की सुचिता हेतु नोडल अधिकारी एवं विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर पर ऑब्जर्वर (प्रेक्षक) की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

iv. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय भी अपने छात्र–छात्राओं को इस राष्ट्रीय बौद्धिक प्रतियोगिता हेतु विशेष रूप से प्रेरित करें।

v. महाविद्यालय के सूचना पट्ट (Notice Board), आधिकारिक वेबसाइट एवं छात्र Whatsapp समूहों के माध्यम से 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा की जानकारी अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं तक पहुँचाई जाए।

3. अतः मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस संबंध में प्रो. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, पूर्वी उ.प्र., आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, मो.नं.–9415174370, प्रो. सुभाष मिश्रा, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (प्रांत अध्यक्ष– विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत) मो.नं.–6394587688 तथा डॉ. मंजुल त्रिवेदी, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय (प्रांत सचिव–विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत) मो.नं–7651898367 से समन्वय स्थापित कर उपर्युक्त प्रस्तर–2 के बिन्दु i से v तक अपने स्तर से विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालय में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की सूचना एवं छात्र–छात्राओं के पंजीकरण का विवरण संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (RHEO) एवं सम्बद्ध विश्वविद्यालय को शीघ्रताशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

24/5/16

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

V.V.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी (श्री देसाई जी), श्री राज्यपाल, उ.प्र. को सूचनार्थ।
2. प्रो. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, पूर्वी उ.प्र., आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. प्रो. सुभाष मिश्रा, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (प्रांत अध्यक्ष– विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत)।
4. डॉ. मंजुल त्रिवेदी, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय (प्रांत सचिव–विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत)।

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

Bharat BoudhIKS
संस्थान पंजीकरण मार्गदर्शिका

Bharat BoudhIKS वेबसाइट पर अपने संस्थान का पंजीकरण करें, विद्यार्थियों का विवरण अपलोड करें और परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। यह मार्गदर्शिका पंजीकरण की जिम्मेदारी संभालने वाले संस्थान समन्वयक के लिए है।


वेबसाइट: https://www.bharatboudhiks.com

1 पंजीकरण या लॉगिन का विकल्प चुनें

1. वेबसाइट का होमपेज खोलें। यदि आपके संस्थान ने अभी तक पंजीकरण नहीं किया है, तो Register Now पर क्लिक करें (संकेत 1)।

2. यदि संस्थान पहले से पंजीकृत है, तो ऊपर दाईं ओर Login पर क्लिक करें (संकेत 2)। मेन्यू में Institute Login चुनें। इसी मेन्यू में Student Login और Admin Login के विकल्प भी हैं।

विद्यार्थियों का पंजीकरण उनके संस्थान के माध्यम से होता है। इस मार्गदर्शिका में दिए गए चरणों के लिए संस्थान के खाते का उपयोग करें।



शुरू करने से पहले: संस्थान का विवरण, एक ऐसा ईमेल पता और मोबाइल नंबर जो पहले पंजीकरण में इस्तेमाल न हुए हों, तथा विद्यार्थियों का डेटा तैयार रखें। पासवर्ड रीसेट करने के लिए पंजीकृत ईमेल के इनबॉक्स तक आपकी पहुँच होनी चाहिए।

2 नए संस्थान का पंजीकरण करें

होमपेज पर Register Now पर क्लिक करें। Register Your Institute का फॉर्म खुलेगा। तारांकन चिह्न (*) वाले सभी अनिवार्य फ़ील्ड भरें।



1. संस्थान का नाम और पूरा पता भरें। संस्थान का प्रकार और राज्य चुनें तथा जिले का नाम भरें। AISHE Code भरना वैकल्पिक है।

2. ऐसा 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ईमेल पता भरें जिनका उपयोग पहले पंजीकरण के लिए न हुआ हो।

3. पासवर्ड बनाएँ और Confirm Password में वही पासवर्ड दोबारा भरें। भविष्य में संस्थान के खाते में लॉगिन करने के लिए इसे सुरक्षित रखें।

4. Security Verification में दिख रहा कैप्चा कोड भरें। नीचे स्क्रॉल करें और फॉर्म जमा करने के लिए Register पर क्लिक करें।

Register बटन इस स्क्रीनशॉट में दिख रहे हिस्से के नीचे है। यदि ईमेल पता पहले से पंजीकृत है, तो नया खाता बनाने के बजाय Institute Login का उपयोग करें।

3 पहले से पंजीकृत संस्थान के खाते में लॉगिन करें

होमपेज खोलें, ऊपर दाईं ओर Login पर क्लिक करें और Institute Login चुनें।



1. संस्थान के पंजीकरण के समय इस्तेमाल किया गया ईमेल पता भरें।

2. अपना पासवर्ड भरें।

3. पेज पर दिख रहा कैप्चा कोड दिए गए फ़ील्ड में भरें। नया कोड चाहिए तो रिफ्रेश आइकन पर क्लिक करें।


4. यदि पासवर्ड याद नहीं है, तो Forgot Password पर क्लिक करें और अगले पेज के निर्देशों का पालन करें।

5. संस्थान का डैशबोर्ड खोलने के लिए Login पर क्लिक करें।

वेबसाइट पर उस समय दिख रहे कैप्चा का उपयोग करें। स्क्रीनशॉट में दिखाया गया कोड केवल उदाहरण है।

4 पासवर्ड रीसेट करें और लॉगिन संबंधी समस्याएँ दूर करें

Institute Login पेज पर Forgot Password पर क्लिक करें। Institute Password Reset पेज खुलेगा।



1. संस्थान का पंजीकृत ईमेल पता भरें।

2. Send Reset Link पर क्लिक करें। पंजीकृत ईमेल के इनबॉक्स में आए रीसेट ईमेल को खोलें और लिंक के माध्यम से नया पासवर्ड बनाएँ।

3. Institute Login पर वापस जाएँ। पंजीकृत ईमेल पता, नया पासवर्ड और उस समय दिख रहा कैप्चा भरें। फिर Login पर क्लिक करें।

यदि कोई त्रुटि संदेश दिखे

पंजीकरण के समय ईमेल पहले से पंजीकृत होने का संदेश

Institute Login पर जाएँ और उसी ईमेल पते का उपयोग करें। आवश्यकता हो तो पासवर्ड रीसेट करें।

लॉगिन के समय ईमेल मौजूद न होने का संदेश

ईमेल की वर्तनी जाँचें और सुनिश्चित करें कि आपने Institute Login चुना है। यदि संस्थान ने उस ईमेल से पंजीकरण नहीं किया है, तो Register Now पर वापस जाएँ।

गलत पासवर्ड का संदेश

Forgot Password पर क्लिक करें और पंजीकृत ईमेल पते से पासवर्ड रीसेट करें।


कैप्चा या किसी अन्य फ़ील्ड में त्रुटि

संदेश में बताए गए फ़ील्ड को जाँचें और वर्तमान कैप्चा दोबारा भरें। यदि समस्या पासवर्ड से संबंधित है, तो Forgot Password का उपयोग करें।

यदि रीसेट ईमेल दिखाई न दे, तो Spam या Junk फ़ोल्डर जाँचें और सुनिश्चित करें कि आपने पंजीकृत ईमेल पता सही भरा है।

5 विद्यार्थियों का विवरण अपलोड करें

लॉगिन के बाद संस्थान के डैशबोर्ड से विद्यार्थियों का डेटा इम्पोर्ट करें।



1. बाईं ओर के मेन्यू में Import Students पर क्लिक करें।

2. New Import पर क्लिक करें। उदाहरण वाले स्क्रीनशॉट में इस टैब का नाम New Import (1) है।

3. Download Sample File पर क्लिक करें। डाउनलोड की गई Excel फ़ाइल खोलें और उसी प्रारूप में विद्यार्थियों का विवरण भरें।

कॉलम के नाम और उनका क्रम सैंपल फ़ाइल जैसा ही रखें। अनिवार्य फ़ील्ड भरें और अपलोड करने से पहले तैयार फ़ाइल सेव करें।


4. Upload Student Data पर क्लिक करें और तैयार फ़ाइल चुनें। वेबसाइट पर दिख रहे अपलोड संबंधी निर्देशों का पालन करें।

5. Import Status जाँचें। सफल अपलोड के बाद Success और इम्पोर्ट किए गए विद्यार्थियों की संख्या दिखनी चाहिए। त्रुटि आने पर बताए गए विवरण या फ़ाइल के प्रारूप को सुधारकर दोबारा अपलोड करें।

स्क्रीनशॉट में तीन विद्यार्थियों का सफल इम्पोर्ट दिखाया गया है। आपके विद्यार्थियों की संख्या अपलोड की गई फ़ाइल के अनुसार होगी।

6 भुगतान से पहले विद्यार्थियों का विवरण जाँचें

Pay Fee पर जाने से पहले इम्पोर्ट किए गए रिकॉर्ड जाँच लें।



1. Uploaded Students में दिख रही संख्या जाँचें। यह उन रिकॉर्ड की संख्या से मेल खानी चाहिए जिन्हें आप अपलोड करना चाहते थे।

2. विद्यार्थियों की सूची देखने के लिए All Imported Students चुनें।


3. भुगतान से पहले उपलब्ध एडिट विकल्पों से त्रुटियाँ सुधारें। उदाहरण वाले स्क्रीनशॉट में Edit Mode Active दिख रहा है।

4. प्रत्येक विद्यार्थी का रिकॉर्ड अपने मूल डेटा से मिलाएँ। नाम, ईमेल, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, लिंग और संस्थान का विवरण जाँचें। सभी फ़ील्ड देखने के लिए आवश्यकता अनुसार सूची को दाईं ओर स्क्रॉल करें।

महत्वपूर्ण: पोर्टल के अनुसार भुगतान पूरा होने के बाद विद्यार्थियों का डेटा बदला नहीं जा सकता और शुल्क वापस नहीं किया जाता। भुगतान से पहले हर रिकॉर्ड जाँच लें।

सभी रिकॉर्ड सही होने पर बाईं ओर के मेन्यू में Pay Fee पर क्लिक करें। इस स्क्रीन पर Go to Pay Fee का विकल्प भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

7 परीक्षा शुल्क की गणना और भुगतान करें



1. बाईं ओर के मेन्यू में Pay Fee पर क्लिक करें।

2. Fee Calculation जाँचें। विद्यार्थियों की कुल संख्या, प्रति विद्यार्थी शुल्क, संस्थान के पास रखी जाने वाली राशि और देय राशि की पुष्टि करें।

तीन विद्यार्थियों के लिए उदाहरण

₹100 प्रति विद्यार्थी के अनुसार कुल शुल्क 3 × ₹100 = ₹300 है। परीक्षा खर्च के लिए केंद्र 3 × ₹25 = ₹75 अपने पास रखता है। इसलिए ऑनलाइन देय राशि ₹300 − ₹75 = ₹225 होगी।

3. देय राशि दिखाने वाले भुगतान बटन पर क्लिक करें। इस उदाहरण में बटन पर Pay ₹225 लिखा है। भुगतान पूरा करने के लिए आप Razorpay पर पहुँचेंगे।

4. Razorpay पर दिख रहे विकल्पों से भुगतान पूरा करें। इसके बाद संस्थान के पोर्टल पर वापस जाकर भुगतान की पुष्टि या Payment History जाँचें। भुगतान का संदर्भ नंबर या रसीद सुरक्षित रखें।

विद्यार्थियों की संख्या अलग होने पर पोर्टल द्वारा गणना की गई राशि का भुगतान करें। उदाहरण की राशि तभी इस्तेमाल करें जब वह आपके संस्थान की गणना से मेल खाती हो।

यदि भुगतान बीच में रुक जाए या उसकी स्थिति स्पष्ट न हो, तो दोबारा भुगतान करने से पहले पोर्टल की Payment History और भुगतान की पुष्टि जाँचें।